# महानदी

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **महानदी** नदी में एक नाव दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने **मृतकों के परिजनों के लिये ₹4 लाख की अनुग्रह राशि** की घोषणा की है।

## मुख्य बिंदु:

- **परिचय:**
  - महानदी तंत्र **गोदावरी** और **कृष्णा नदी** के बाद **प्रायद्वीपीय भारत की तीसरी सबसे बड़ी** तथा **ओडिशा राज्य की सबसे बड़ी नदी** है।
  - नदी का जलग्रहण क्षेत्र **छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड** और **महाराष्ट्र** तक विस्तृत है।
  - इसका बेसिन **उत्तर में मध्य भारत की पहाड़ियों**, **दक्षिण और पूर्व में पूर्वी घाट** व **पश्चिम में मैकल पर्वत शृंखला** से घिरा है।
- **स्रोत:**
  - यह छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर के निकट **अमरकंटक के दक्षिण में सिहावा नामक स्थान से** निकलती है।
- **प्रमुख सहायक नदियाँ:**
  - **सियोनाथ, हसदेव, मांड और इब महानदी में बाईं ओर** से मिलती हैं जबकि **ओंग, तेल तथा नदी विवाद:**
  - केंद्र सरकार ने **वर्ष 2018 में महानदी जल विवाद अधिकरण** का गठन किया।
- **महानदी पर प्रमुख बाँध/परियोजनाएँ:**
  - **हीराकुंड बांध**: यह भारत का सबसे लंबा बाँध है।
  - रविशंकर सागर, दुधावा जलाशय, सोंदुर जलाशय, हसदेव बांगो और तंदुला अन्य प्रमुख परियोजनाएँ हैं।
- **शहरी केंद्र:**
  - बेसिन में तीन महत्त्वपूर्ण शहरी केंद्र **रायपुर, दुर्ग** और **कटक** हैं।
- **उद्योग:**
  - अपने समृद्ध खनिज संसाधन और पर्याप्त विद्युत ऊर्जा संसाधन के कारण महानदी बेसिन में **अनुकूल औद्योगिक जलवायु** है।
    - भिलाई में **लौह एवं इस्पात संयंत्र**
    - हीराकुड और कोरबा में **एल्युमीनियम कारखाने**
    - कटक के पास **पेपर मिल**
    - सुंदरगढ़ में **सीमेंट फैक्ट्री**।
  - यहाँ मुख्य रूप से कृषि उपज पर आधारित अन्य उद्योग **चीनी और कपड़ा मीलें** हैं।
  - कोयला, लोहा और मैंगनीज का खनन यहाँ की अन्य औद्योगिक गतिविधियाँ हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mahanadi-river-2